इलाहाबाद विश्वविद्यालय / UNIVERSITY OF ALLAHABAD
राजभाषा अनुभाग / RAJBHASHA SECTION
कक्ष संख्या 12 प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, ईमेल rajbhasha@allduniv.ac.in, दूरभाष/मो. नं. 7535990036.

पत्रांक:- रा.भा./व्य.आ./2026-27/697 दिनांक 07 अप्रैल, 2026 ।

व्यक्तिशः आदेश

भारत का संविधान के **अनुच्छेद 351** सपठित **राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए) नियम, 1976** (समय-समय पर यथासंशोधित) के **नियम 3 के उपनियम (1), नियम 4 के उपनियम (क) और (ख), नियम 5, नियम 8 के उपनियम (4)** एवं **नियम 10 के उपनियम (4)** के अधीन एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं इसके समस्त संघटक महाविद्यालयों में सेवारत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि अपने समस्त कार्यालयीन कार्यों एवं दायित्यों यथा टिप्पण लेखन, प्रारूपण, पत्राचार इत्यादि का निर्वहन यथासंभव एवं नियमानुसार हिन्दी भाषा में करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें ।

2- समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्राचार्य एवं अन्य नियंत्रक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन किया जाए तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं ।

आशीष
(प्रो. आशीष खरे)
कुलसचिव,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ।

पत्रांक: रा.भा./व्य.आ./2026-27/ दिनांक 07 अप्रैल, 2026 ।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित:-

(1) समस्त अधिष्ठाता/ विभागाध्यक्ष/ निदेशक/ समन्वयक, संघटक महाविद्यालय के समस्त प्राचार्य, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, कुलानुशासक, पुस्तकालयाध्यक्ष, कुल अभियंता, समस्त संयुक्त कुलसचिव/ उपकुलसचिव/ सहायक कुलसचिव, समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण;
(2) अध्यक्ष, आई.सी.टी. प्रकोष्ठ को इ.वि.वि. के आधिकारिक वेबसाइट पर इस आदेश को अपलोड करने के आशय के साथ;
(3) जन-संपर्क अधिकारी को इस आशय के साथ कि इस आदेश का विभिन्न संचार माध्यमों से प्रचारित किया जा सके;
(4) माननीय कुलपति महोदया के वैयक्तिक सचिव को माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ;
(5) कुलसचिव के वैयक्तिक सचिव को कुलसचिव महोदय के सादर सूचनार्थ ।

प्रवीण श्रीवास्तव
07.04.2026.
(प्रवीण श्रीवास्तव)
हिन्दी अधिकारी, राजभाषा,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ।